4183(E)
19/6/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 19/06/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, मुंगेर के अन्तर्गत Widening and Strengthening work of Lakhanpur Pani Tanki to Bhomasi Pul (Haveli Kharagapur Road) via Saraun, Mukwa, Navtoliya, Muzaffarganj Road for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–11.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–1914 दिनांक–11.06.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1993(अनु०) दिनांक–17.06.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–17.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening work of Lakhanpur Pani Tanki to Bhomasi Pul (Haveli Kharagapur Road) via Saraun, Mukwa, Navtoliya, Muzaffarganj Road for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, मुंगेर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹5801.53 लाख। विभागीय ज्ञापांक–8277(एस०) दिनांक–04.10.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹4489.94 लाख। मुख्य अभियंता, केन्द्रीय नियपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–150(अनु०) दिनांक–18.04.2026 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹4505.56232 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 18 (Eighteen) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 02.05.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा नहीं है।

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 07 (सात) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Pratayaksha Construction Private Limited
(2) M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited
(3) M/s Ganesh Ram Dokania
(4) M/s Topline Infra-Projects Private Limited
(5) Allone Infra Private Limited
(6) M/s S.B. Engicon Private Limited
(7) M/s Baijnath Nirman India Private Limited

4. दिनांक–11.06.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 07 (सात) निविदाकार में से 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited को SBD के ITB-Cl.4.5(A)(c) के तहत् एवं (2) M/s Ganesh Ram Dokania को SBD के ITB-Cl.4.5(B)(c) के तहत् तकनीकी बीड में असफल एवं शेष 05 (पाँच) निविदाकार यथा (1) M/s Pratayaksha Construction Private Limited (2) M/s S.B. Engicon Private Limited (3) Allone Infra Private Limited (4) M/s Topline Infra-Projects Private Limited एवं (5) M/s Baijnath Nirman India Private Limited को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–1914 दिनांक–11.06.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–11.06.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–12.06.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1993(अनु०) दिनांक–17.06.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–17.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **परिवाद** :– उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–12.06.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| 01 | M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited | उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि उक्त निविदा में मेरे द्वारा भाग लिया गया था। तकनीकी Bid मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में Pile Length | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही के कंडिका–3 को Sl. No.-11 में टंकण भूलवश Pile Length का कार्य 891 M के स्थान पर 195.85 M अंकित हो गया है, | समीक्षोपरान्त् पाया गया कि M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | न्यूनतम वांछित अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण SBD के ITB-Cl.4.5(A)(c) के तहत् असफल कर दिया गया।<br>उक्त कार्य में Pile Length की मात्रा 208 M की मांग की गई थी, जबकि मेरे द्वारा पथ प्रमंडल, दरभंगा के अन्तर्गत हवाई अड्डा से बरही रोड में Pile Length का कार्य वर्ष 2022–23 में 891 M तथा 2023–24 में 643 M पूरा किया गया था, जिसका अनुभव प्रमाण–पत्र भी संलग्न किया गया था।<br>अतः श्रीमान् महोदय से अनुरोध है कि निविदा का पुनर्मूल्यांकन करने की कृपा की जाय। | जिसे सुधार कर दिया गया है। अतः इनके परिवाद को मान्य किया जाता है। | द्वारा Pile Length हेतु कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा के पत्रांक–1065 दिनांक–29.04.2025 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न किया गया है, जिसके अनुसार वर्ष 2022–23 में कराये गये Pile Work (1200mm) की मात्रा 891.00 मी० है, जो वाँछित अर्हत्ता 208m से अधिक है। परिवाद का यह बिन्दु मान्य है। |

7. <u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–</u>

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् उक्त निविदाकार M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। शेष निर्णय यथावत् रखा जाता है।

8. <u>परिवाद समिति का निर्णय</u> :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा **M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited** के पत्रांक–शून्य दिनांक–12.06.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को मान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) एक निविदाकार यथा **M/s Ganesh Ram Dokania** को **SBD** के **ITB-Cl.4.5(B)(c)** के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(iii) 06 (छः) निविदाकारो यथा **(1) M/s Pratayaksha Construction Private Limited (2) M/s S.B. Engicon Private Limited (3) Allone Infra Private Limited (4) M/s Topline Infra-Projects Private Limited (5) M/s Baijnath Nirman India Private Limited** एवं **(6) M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited** को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–1914 दिनांक–11.06.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–11.06.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Kum 19/6/26 | 19/6/26 | 19/06/26 | 19/06/26 |
| (राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण, पथ निर्माण<br>विभाग, बिहार, पटना। | (राजेश कुमार गुप्ता)<br>मुख्य अभियंता, संविदा<br>प्रबंधन, नीतिगत मामले<br>एवं लेखा परीक्षा,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (अनिल कुमार सिंह)<br>अभियंता प्रमुख<br>(मुख्यालय),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–47/2026 4183 (E) पटना, दिनांक 19/6/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/06/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।